और फूल खिलते है

क्या यह वास्तव नहीं है?

काटे की तरह चुभना है या फूल की तरह खिलना है

आप ही तय कीजिए

प्याला आधा खाली है

ऐसा कहा जा सकता है

प्याला आधा भरा है

ऐसा भी कहा जा सकता है

आधा खाली कहना है या आधा भरा

आप ही तय कीजिए

बताइए कैसे जीना है

कराहते कराहते या गीत गुनगुनाते

आप ही तय कीजिए

An Introduction To Spanish Grammar

भाषा

When learning a new language, it is always useful to be familiar with its main grammatical units. This constitutes the first necessary step in order to understand and create meaningful speech.

Here are the main grammatical elements in Spanish and some useful information about them:

Nouns:

A noun is a word which is mostly used to refer to a person or thing. All nouns in Spanish have a gender, meaning that they are either masculine or feminine. For example, nio (boy) is masculine and nia (girl) is feminine. The best way to identify gender is undoubtedly experience, although here are some general guidelines which may be useful at the beginning: usually nouns ending in o are masculine and nouns ending in a are feminine. Of course there are always exceptions.

This can obviously be complicated for learners at the beginning, but once you get used to it, you will have no problem communicating effectively.

For example, mano (hand) and radio (radio) are feminine. On the other hand, words of Greek origin ending in ma, such as dilema (dilemma) or problema (problem) are masculine. When you are learning new vocabulary, it is recommendable that you learn a noun together with its corresponding article. That will help you to remember their gender. For example la nia, la mano or el problema and el nio.

Adjectives:

Adjectives are used to qualify a particular noun, to say something about it. It is important to remember that in Spanish they are usually placed after the noun. Since adjectives are always related to a noun, they have to agree with them in gender and number.

TRANSFRAME TEAM

This means that if you want to say something about the noun nio, which is masculine and singular, the adjective that you use will also have to be masculine and singular. Thus, you can say nio alto (tall boy), nio pequeo (small boy), etc. If, on the other hand, if you were talking about a girl, you would have to say nia alta and nia pequea.

Pronouns:

Pronouns substitute for nouns. For example, you can say la nia est aqu (the girl is here) or ella est aqu (she is here). In this case ella is substituting for la nia.

The subject pronouns in Spanish are yo (I), t/usted/vos (singular you), l (he), ella (she), nosotros (we), vosotros/ustedes (plural you), ellos (they).

The singular and plural you are used differently depending on the dialect of Spanish that you are using. It is important to remember that subject pronouns are frequently omitted in Spanish, since the ending of the verb already indicates this. Thus, native spears would say estoy aqu (Im here) rather than yo estoy aqu.

Verbs:

Verbs indicate actions. Usually when you enumerate a verb, you use what is called the infinitive, for example hablar (to speak). In Spanish there are three different types of verbs, depending of how their infinitive ends. These different categories are called conjugations.

Thus, there are verbs ending in ar, such as hablar, in -er comer (to eat) and in ir dormir (to sleep). As mentioned before, verbs in Spanish have different endings depending on who the subject of the action is. These endings will vary from one conjugation to the other. For example, with the verb hablar, the singular you is (t) hablas, whereas with comer it is (t) comes. This can obviously be complicated for learners at the beginning, but once you get used to it, you will have no problem communicating effectively.

हिंदी में अव्यय शब्दों के अर्थ प्रयोग की स्थिति

भाषा

हिंदी भाषा मेँ अव्यय शब्दों का प्रयोग संदर्भानुसार किया जाना आवश्यक होता है ताकि वांछित अर्थ कि प्राप्ति हो सके। भाषाई संप्रेषण की प्रक्रिया में अव्यय शब्दों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शब्द एवं वाक्य स्तर पर संरचनात्मक अथवा प्रकार्यात्मक दृष्टिकोण से भाषा को सुव्यवस्थित बनाने हेतु अव्यय शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

सत्येन्द्र कुमार

Satyendra.of.kumar@gmail.com

जापानी भाषा मे एडवांस्ड डिप्लोमा

भाषा विद्यापीठ

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा, महाराष्ट्र

भाषाई संप्रेषण की प्रक्रिया में अव्यय शब्दों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। शब्द एवं वाक्य स्तर पर संरचनात्मक अथवा प्रकार्यात्मक दृष्टिकोण से भाषा को सुव्यवस्थित बनाने हेतु अव्यय शब्दों का प्रयोग किया जाता है। इन शब्दों को समुच्चयबोधक अव्यय भी कहा जाता है। जिसका प्रयोग दो या दो से अधिक शब्दों/पदों,उपवाक्यों,वाक्यों को जोड़ने या अलग करने के लिए किया जाता है। इन शब्दों को संक्षेप में योजक या संयोजक भी कहा जाता है।

वाक्यगत अर्थ की दृष्टि से अव्यय शब्द दो प्रकार होते हैं –जिसे निम्न प्रकार से देख सकते हैं-

1. समानाधिकारण अव्यय शब्द- इसके तहत वाक्य के समान स्तरीय अलग-अलग घटकों को जोड़ते या अलग करते हैं। कभी- कभी यह योजक शब्द मुख्य या स्वतंत्र उपवाक्य को जोड़कर संयुक्त वाक्य का निर्माण करते हैं। उदाहरण के लिए तुम्हारा भाई बहुत लंबा **और** सुंदर है। कल लगातार पानी बरसाना तो बंद हो गया था,**लेकिन** ठंढी हवा चलती रही थी **और** कभी-कभी छीटे पड़ जाते थे। राधा खड़ी थी **और** अलका बैठी थी।

समानाधिकारण समुच्चयबोधक शब्दो को पुन: चार प्रकारों मे बांटा जा सकता है-

योजक/संयोजक- दो शब्दों या वाक्यांशों अथवा उपवाक्यों को परस्पर जोड़ने वाले शब्द संयोजक कहलाते हैं जैसे- गंगा **और** यमुना का मैदानी भाग बहुत उपजाऊ है,वाक्य में 'और' शब्द संयोजक की भूमिका में है।लखनऊ बहुत सुंदर शहर है **तथा** बहुत घनी आवादीवाला है,वाक्य में 'तथा' वाक्य संयोजक भूमिका मेँ है। **और** का योजकत्व कई संदर्भों मेँ प्रयुक्त होता है- **कार्य-करण संबंध मेँ-** जैसे: धन आया **और** खुशियाँ आई। **कार्य का घटना क्रम-** छात्र **और** शिक्षक एक-एक कर चले गए। **समकालीन घटना क्रम मेँ-**आतंकवादी ने बम फोडा **और** राज नेता दिवाली माना रहे थे।**विपरीत घटना क्रम मेँ-** कितनी देर से आवाज लगा रहा हूँ **और** तुम हो कि सुनते नहीं।

विभाजक/विकल्पबोधक- विभाजन और विकल्प प्रकट करने वाले शब्द या यू कहें तो इसके तहत ग्रहण या त्याग का बोध कराने वाले वाले योजको को रखा जाता है।जैसे- चाहे,अन्यथा,अलावा,क्या,कि,न कि,या आदि। उदाहरण के लिए- तुम जा रहे हो **या** यही बैठे रहोगे।

विरोधसूचक- दो परस्पर विरोधी कथनों और उपवाक्यों को जोड़ने के लिए प्रयुक्त संयोजक शब्द विरोधसूचक कहलाते हैं।जैसे-किन्तु,परंतु,लेकिन,बल्कि,मगर।उदाहरण के लिए वह गायक बनाना चाहता था **किन्तु** ऐसा हो न सका। आज तो बाहर ही नहीं **बल्कि** घर मे भी गर्मी लग रही है।

परिणामसूचक- पहले वाक्य कि क्रिया या कार्य की सूचना देने वाला संयोजक इसके तहत शामिल किए जाते हैं। जैसे – अत:,अतएव,फलस्वरूप,अन्यथा।उढहरण के लिए बर्फ गिरे हैं **अत:**ठंढ तो होगी ही।

2. व्यधिकरण अव्यय **शब्द-** किसी वाक्य के प्रधान या आश्रित उपवाक्यों को परस्पर जोड़ने वाले शब्द को इस श्रेणी मे सखा जाता है। इन्हे चार प्रकारों में बाँटा जा सकता है-

1.कारणसूचक- इसके तहत दो उपवाक्यों को जोड़कर होने वाले कार्य का करण सपष्ट किया जाता है।जैसे- चूंकि,ताकि,क्योकि,इसलिए। **चूंकि** वह लंगड़ा है अतः वह दौड़ नहीं सकता। गहरे पानी मे मत जा **क्यूंकि** तू तैरना नहीं जानता है।

2.संकेतसूचक- वाक्य के क्रिया व्यापार को पूरा करने के बारे में संकेत या शर्त व्यक्त करने वाले योजकों को संकेतसूचक कहा जाता है।जैसे- हालांकि, अगर,यदि।उदाहरण के लिए- **अगर** हम पाँच मिनट भी लेट हो जाएँ तो बस छूट जाती है।**हालांकि** उसने जी जान एक कर दी थी।

3.**उद्देश्यसूचक**- इसके तहत वाक्यगत क्रिया व्यापार का उद्देश्य/मनोरथ का बोध कराने वाले शब्द आते हैं। जैसे-ताकि,जिससे कि।उदाहरण के लिए-वह चुप-चाप रहा **ताकि** झगड़ा न हो।जल्दी जाओ **जिससे कि** सही समय पर पहुँच सकोगे।

4.स्वरूपसूचक/व्याख्यासूचक- मुख्य उपवाक्य का अर्थ स्पष्ट करने वाले शब्द स्वरूपसूचक कहलाते हैं। यह प्राय: वाक्य के आरंभ में प्रयुक्त होते हैं।जैसे- यानि,मानो/जैसे कि। उदाहरण के लिए- ऐसा लग रहा था **मानो** उसने कई दिनों से खाना नहीं खाया हो।

इस प्रकार हम देखते हैं कि हिंदी भाषा में अव्यय शब्दों का प्रयोग संदर्भानुसार किया जाना आवश्यक होता है ताकि वांछित अर्थ कि प्राप्ति हो सके।

Camera Tips for Enhanced Digital Photos

अभ्यास

Just bought a new camera ?? And very excited to start taking photos with your new gadget??

But Alas, why does the picture not look as good as you wanted to !! Fret no more, stay tuned below for 4 new tricks to taking more interesting and memorable photos.

This time in Practice column we are going know about some useful tricks for Entry level Dslr photography.

1 – Try out different camera exposure settings

By exploring the exposure settings of your camera, you could have pictures looking more brilliant with 0.5 to 2 stops underexposed in bright surroundings, and scenes appearing more clear with some overexposure. Just by simple tuning of the exposure level, you can create pictures which can bring out different moods from people viewing it. Thats why the quote "A Picture Says A Thousand Words" is very true indeed ! For newbies, try out bracketing (i.e: Take the same photos with different exposure levels) and take your favorite pick from them.

2 – Bring out some creative blur in photos

By introducing some well-planned blur in photos, you can bring across certain important features, while using the rest as good complement, providing an overall nice touch. This can be done in 2 basic types.

First type is depth-of-field blur. Varying the lens aperture between 0.4 to 1.4 can create a lovely, soft background blur which bring sharp focus to the subject in the foreground.

Second type is movement blur. Done by setting the camera exposure on shutter priority, and keep it slow so as to capture interesting streaks as the subject moves in front of the camera.

TRANSFRAME

3 – Create something out of nothing

What does it means? This exercise encourages you to take a step back and rethink how you can take wonderful pictures with things you already encountered on a daily basis. One approach is to create your shot around the common elements around you such as lines, space and patterns. This can mean anything from the roads to the bridges, the trees, the railings, etc.. You start to see more possibilities and room for creativity.

4 – Take Unique Photos

Try to avoid taking photos from already popular places where everyone else has taken before, it will not be fresh, and the excitement is also much diminished. Try out new extreme photography (for example: underwater photography), or it could be as easy as shooting through thick glasses for that extra 3D feel, or shooting reflections of objects in water or other reflective objects.



हिंदी का अतीत और वर्तमान

भाषा

‘मैं हिंदुस्तान की तूती हूँ’ अमीर खुसरा ने पैतृक भाषा तुर्की और फारसी पर हिंदी को वरीयता प्रदान की है। अगर आप मुझसे कुछ पूछना चाहते हो तो हिंदवी में पूछो। खुसरो ने ‘हिंदवी’ शब्द का प्रयोग मात्र ‘हिंदी’ के लिए नहीं किया अपितु संस्कृत और अन्य भारतीय भाषाओं के लिए भी किया है। ‘नुह सिपहर’ के तीसरे सिपहर में जिन बारह हिंदुस्तानी भाषाओं का उल्लेख किया है उन सबको ‘हिंदवी’ कहा है -

सिंदी1-ओ-लाहौरी2-ओ कश्मीर3-ओ-गर4

घुर समंदरी5 तिलंगी6-ओ-गुजर7

माबरी8-ओ-गोरी9-बंगाल10-ओ अवध11

दिल्ली12-ओ-पैरामनश अंदर हमा हद

ईं हमा हिंदवीस्त ज़ि ऐय्याम-ए-कुहन

आम्मा बारस्त बहर गूना सूख़न(1)

सिंदी, पंजाबी, कश्मीरी, मराठी, कन्नड़, तेलगु, गुजराती, तमिल, असमिया, बंगला, अवधी, दिल्ली और उसके आसपास जहाँ तक उसकी सीमा है इन सबके मिले-जुले रूप को हिंदवी नाम से जाना जाता है। हिंदी किसी एक भाषा का नाम न होकर एक भाषा-परंपरा का नाम है। इस भाषा-परंपरा के अंतर्गत खड़ी बोली, डिंगल, ब्रज, अवधी, हिंदी आदि की समस्त भाषा-उपभाषाओं का समावेश हो जाता है।(2) इस प्रकार अमीर ख़ुसरो की ‘हिंदवी’, पं. राजशेखर के सर्वभाषा सिद्धांत और लोक परंपरा के जन कवियों की षडभाषा विचार(3) की भाषा संस्कृति को अपने में समेटे हुए है। जो मात्र आज की हिंदी के लिए न आकर पूरे भारत की भाषाओं के लिए आया है। वर्तमान हिंदी का जो स्वरूप है, उसे किसी जन बोली या क्षेत्र विशेष की परिधि में बांधा नहीं जा सकता। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि अमीर ख़ुसरो ने भाषित चेतना को राष्ट्रीय-सांस्कृतिक अस्मिता से जोड़कर हिंदी को अखिल भारतीय स्वरूप प्रदान किया। भाषा काव्यों की प्रकृति अधिकांशतः लोकान्मुखी रही है। गुजरात के मनीषी संत महामति प्राणनाथ ने इसे ‘हिंदुस्तान’ कहा है-

सब को प्यारी अपनी, जौ है कुल की भाख।

अब कहूँ मैं भाषा किन की, या में भाषा तौ कै लाख।।

बोली जुदी सबन की और सब का जुदा चलन।

सब उरझे नाम नाम जुदे घर, पर मेरे तो कहे ना सबन।।

बिना हिसाबें बोलियाँ, मिने सकल जहान।

हिंदी विश्व-भाषा बने इसके लिए हिंदी को नेय बोध को वहन करने के लिए अपनी भाषिक क्षमता को विकसित करना होगा। शब्दों को व्यवहार में लाने के लिए लचीलापन लाना होगा। शब्दों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया में उदार होना जरूरी है।

डॉ. चरणजीत सिंह सचदेव

सब को सुगम जान के, कहूँगी हिंदुस्तान।।(4)

तत्कालीन युग में बोले जाने वाली भाषा-संस्कृति को 'हिंदवी' अपने में समेटे हुए थी। वही भाषा-संस्कृति आधुनिककाल में गांधी जी के भाषा विषयक विचार में 'हिंदुस्तानी' बनी है। आज की भाषित चेतना में अमीर खुसरो की आत्माबोलती है जो भारत की साझी विरासत की प्रतीक है। यह भाषा आज भी भारत, अफगानिस्तान, मध्य एशिया और ईरान आदि देशों के मध्य एक मजबूत सांस्कृतिक सेतु का कार्य भी कर रही है। ''इश्क-ए-इलाही'' में मस्त रह कर हिंदुस्तान की गालियों में अपना घर ढूँढने वाले मौलाना रूमी और कबीरदास ने अपनी वाणी रचना का आधार लोकभाषा को बनाया, जिसे किसी ने 'खिचड़ी' कहा तो किसी ने सधुक्खड़ी। भाषा के संदर्भ में कबीर का लोक-बोध बहुत समृद्ध है। कबीर शब्द विवेकी हैं। विवेकशील व्यक्ति किसी भी आधार पर समाज के बंटवारे को स्वीकार नहीं करता है। भाषा का विचार और संस्कृति से गहरा नाता है। किसी का साधु हो जाना ही पर्याप्त नहीं है - साधु भया तौ क्या भया, बोलै नांहिं बिचार। हतै पराई आतमां, जीभ बांधि तरवारि।।(5) कबीर अपढ़ है तो क्या हुआ, जीवन के गहन अनुभव से संपन्न हैं। शास्त्रज्ञाता पंडित की अपेक्षा शब्द विवेकी, जो प्रत्येक शब्द को 'हिये तराजू तोल के' अभिव्यक्त करता है, को मानुष मानते हैं - 'मानुष सोई जानिये, जाहि विवेक विचार।(6) कबीर का भाषा सामर्थ्य अद्भुत है। कबीर ने संस्कृत को नकार कर जनभाषा को अपनाया। जनभाषा में अभिव्यक्ति की प्रयोगशीलता और स्वतंत्रता है जिसमें देशज आधुनिकता का पुट मिलता है। जड़ हो गए सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति कबीर के आक्रोश और आक्रामक तेवर में आधुनिकता का स्वर गूंज रहा है। वर्तमान संदर्भ में उसमें अमीर खुसरो की 'हिंदवी' की साझी विरासत की समस्त विशेषताएँ विद्यमान हैं। वस्तुतः हिंदी एक बहुभाषिक उपस्थिति है; जिसका आधार सामुदायिक है। हिंदी का राष्ट्रीय रूप है। सही अर्थों में हिंदी परंपरा है, 'कंसीडरेशंस ऑफ ऑल' है। यह 'एक' भाषा नहीं है, भाषाओं का समाहार है।

वर्तमान संदर्भ में निहित स्वार्थों की खातिर और वोट तंत्र की राजनीति ने हिंदी को कमजोर करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। राम विलास शर्मा ने उक्त संदर्भ में महावीर प्रसाद द्विवेदी के आशय को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि ''हिंदी प्रदेश की एकता का प्रश्न प्रादेशिक प्रश्न मात्र नहीं है, वह जातीय प्रश्न के अलावा राष्ट्रीय प्रश्न भी है। इस देश की विभिन्न जातीय भाषाओं को मिलाने वाली, उनके बोलने वालों के बीच संपर्क के काम आने वाली एक ही भाषा है- हिंदी। इस हिंदी को भीतर से विघटित कर दो, उसका जातीय विकास छिन्न-भिन्न कर दो, तो राष्ट्रीय एकता का माध्यम अपने आप नष्ट हो जाएगा। यह बात द्विवेदी जी ने बहुत साफ-साफ 1926 में देख ली थी।''(8) 'हिंदी पर फिर विवाद' शीर्षक से हिंदुस्तान में छपे संपादकीय में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के इस कथन में छुपी गहरी पीड़ा को समझना होगा कि संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण करना आसान है, लेकिन अपनी संसद में उतना नहीं।''... प्रधानमंत्री बनने के बाद कन्नड़भाषी एच.डी. देवगौड़ा ने भी हिंदी सीखने का प्रयास इस कारण किया था कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश का राजकाज सिर्फ अंग्रेजी के जरिए नहीं चलाया जा सकता है।''

बाजारवाद के पूर्ववर्ती और वर्तमान वैश्विक दौर में व्यापारिक पक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारत में अंग्रेजी का पोषण किसी हद तक व्यापारिक परिदृश्य के कारण होता रहा है और आज भी हो रहा है। ''वे देश बड़े प्रच्छन्न रूप से इसके लिए प्रयत्नशील हैं कि भारत से अंग्रेजी न हटे, क्योंकि अंग्रेजी हटने का अर्थ है करोड़ों का व्यापार बंद हो जाना, जिससे अपूरणीय आर्थिक हानि होगी। वे यह भी जानते हैं कि अंग्रेजी-भाषी देशों के अतिरिक्त अंग्रेजी के प्रति जिमना आग्रह और अनुराग भारत में है उतना किसी दूसरे देश में नहीं। इसलिए वे हर तरह से चाहते हैं कि भारत में अंग्रेजी बनी रहे, क्योंकि इसी में उनका लाभ है - लाभ साधारण नहीं, असाधारण।''(9) अंग्रेज के प्रति संविधान का लचीलापन भी जिम्मेवार है। संविधान के अनुच्छेद 343(1) और 343(2) में यह कहने के उपरांत की सन 1965 से संघ की राजभाषा हिंदी होगी, अनुच्छेद 343(3) में यह कह कर अनिश्चितता पैदा कर दी गई कि संसद द्वारा सन 1965 के बाद भी कुछ प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी के प्रयोग का उपबंध कर सकती है।' आज तक जारी है। जिसने समय-समय पर अंग्रेजी को प्रोत्साहित किया है। उक्त संदर्भ में देवेन्द्र नाथ शर्मा के विचार अवलोकनीय हैं - ''सांस्कृतिक दृष्टि से भारत के इतिहास में दो समय बहुत संकट के रहे हैं - एक तो जब इस देश पर इस्लाम का आक्रमण हुआ दूसरे

जब अंग्रेजों ने अपना शासन स्थापित किया। इस्लाम की विजय सैनिक शक्ति की विजय थी, किंतु अंग्रेजों की विजय बौद्धिक शक्ति की विजय थी। इसीलिए प्रायः सात सौ वर्षों में इस्लाम से भारतीय संस्कृति को जो क्षति नहीं पहुँची, वह डेढ़ सौ वर्षों के अंग्रेजी शासन में पहुँची।(10) सिनेमा, विज्ञापन, और तकनीक आदि में जहाँ-जहाँ हिंदी का प्रयोग हो रहा है वह हृदय से नहीं आर्थिक लाभ और व्यापारिक हितों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

भूमंडलीकरण के दौर में जब पूरा विश्व एक गाँव में बदल रहा हो और सूचना क्रांति ने दूरियों को पाट दिया हो तब हम विश्व की किसी भी नवीनतम खोज के प्रभाव से अछूते नहीं रह सकते हैं। नए आविष्कार, खोज और तकनीक अपने कथ्य के अनुरूप नए शब्दों को गढ़ते हैं। समाज और शिक्षा के क्षेत्र में उनका प्रचलन नए बोध को विकसित करता है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में उसे समझने की आवश्यकता है। हिंदी विश्व-भाषा बने इसके लिए हिंदी को नेय बोध को वहन करने के लिए अपनी भाषिक क्षमता को विकसित करना होगा। शब्दों को व्यवहार में लाने के लिए लचीलापन लाना होगा। शब्दों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया में उदार होना जरूरी है। शुद्धतावादी दृष्टिकोण इसमें बाधक हो सकता है। समय और परिस्थितियों के अनुसार हमें ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र की प्रकृति के अनुरूप हिंदी के ढालना होगा। मात्र 'दिवस' मनाने से हिंदी उस मुकाम पर नहीं पहुँच सकेगी।

भारतेन्दु ने 18वीं शताब्दी में ही 'निज भाषा' प्रेम का मूल मंत्र हमें दिया था। 'राजभाषा' के रूप में हिंदी की प्रतिष्ठा का विचार भी उन्हीं की देन है - 'प्रचलित करहु जहान में, निज भाषा करि जन्त। राज-काज दरबार में, फैलाहवु यह रत्न। निज भाषा उन्नति करहु प्रथम जो सबको मूल।'(11) श्रीधर पाठक ने 'एक हिंदी एक हिंद' का सपना देखा था। 'हिंदी का आर्तनाद' में उनकी पीड़ा अवलोकनीय है - 'सुनो कोउ हिंदी हू की टेर'। पाठक जी ज्ञान-विज्ञान की अभिव्यक्ति का माध्यम हिंदी भाषा को बनाने के ही पक्ष में थे। उक्त संदर्भ में गांधी जी का मत भी उल्लेखनीय और अवलोकनीय है - 'मैं अपनी बात अपनी भाषा में कहूंगा। जिसको गरज होगी वह सुनेगा। आप इस प्रतिज्ञा के साथ काम करेंगे, तो हिंदी भाषा का दर्जा बढ़ेगा।'' 15 अगस्त 1947 को बी.बी.सी. लंदन को दिया गया संदेश हिंदी की महत्ता का उद्घोष करता है-

''अंग्रेजी मोह से बड़ी मूर्खता कोई नहीं, दुनिया से कह दो कि गांधी अंग्रेजी नहीं जानता।''

मोहनदास करमचंद गांधी

महात्मा गांधी भारतीय भाषाओं के व्यवहार जोरदार पक्षधर थे। गांधी जी के मातृभाषा प्रेम पर महावीर प्रसाद द्विवेदी की टिप्पणी उल्लेखनीय है, ''गांधी जी मातृभाषा के कितने प्रेमी और हिंदी प्रचार के कितने पक्षपाती हैं, यह बात उनके लेखों और वक्तृताओं से अच्छी तरह प्रकट है। इस बात को वे देशोद्धार और देशोन्नति का प्रधान साधन समझते हैं। यही राय अन्य अनेक देश भक्तों की है।... गांधी जी के जितने काम होते हैं, उनके गम्भीर विचारों के निष्कर्ष के आधार पर होते हैं। बिना खूब गहरा विचार किए, बिना दूर तक सोचे, बिना परिणाम पर अच्छी तरह ध्यान दिए, वे न कोई राय ही क़ायम करते हैं और न कोई काम ही करते हैं। इसी से उन्हें अपने प्रयत्नों और उद्योगों में कामयाबी होती है। वे बड़े विवेकशील हैं।''(12) हिंदी का वर्तमान बेहतर तभी हो सकता है जब हम भावात्मक दृष्टि से उसी प्रकार एकजुट हों जैसे स्वाधीनता-प्राप्ति के पूर्व थे।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. गोपीचंद नारंग, अमीर खुसरो का हिंदवी काव्य, पृ. 24.
2. मलिक मोहम्मद (संपा.), अमीर खुसरो भावात्मक एकता के मसीहा, पृ. 86.

(क) 'षटभाषा पुरानं न कुरानं कथितं मया' संक्षिप्त पृथ्वीराज रसो, आदिपर्व, श्लोक 25, पृ. 20.

(ख) 'षट भाषा स्वर सप्त ले, पिंड ब्रह्मांड व्योरे किये।' रज्जब वाणी, पृ. 451.

(ग) 'ब्रज मागधी मिलै अमर, नाग जमन आखनि।

3 सहज पारसीहू मिलै, खट विधि कवित बखानि।।

4 - भिखारीदास, काव्य निर्णय, दोहा 15, पृ. 191.

(घ) 'कई भाषाओं की शब्दावली के योग से जो भाष-प्रयोग का समन्वित रूप होता था, उसी को षड्भाषा नाम दिया गया है। यहाँ 'षट्' का मतलब छह की संख्या विशेष नहीं है। यह संख्या तो अधिक भी हो सकती है और कम भी। रमेशचंद्र मिश्र, संत साहित्य और समाज, पृ. 522.

5 . महामति प्राणनाथ, तारतम बानी कुलजम सनध, 13-15.

6. कबीर ग्रंथावली (संपा. पारस नाथ तिवारी), सा. 15, पृ. 185.

7. संत बाणी संग्रह-1, विवेक.

8. रमविलास शर्मा, महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिंदी नवजागरा, पृ. 236.

9. देवेन्द्रनाथ शर्मा, राष्ट्रभाषा हिंदी: समस्याएँ और समाधान, पृ. 161.

10. वही, पृ. 163.

11. भारतेन्दु ग्रंथावली, पृ.

12. रामविलास शर्मा, महावीर प्रसाद द्विवेदी और हिंदी नवजागरण, पृ. 191.



लोहिया की भाषा विकास की अवधारणा

शोध

देश में तो पहले से ही अलग अलग मुद्दों को लेकर समाज में असमानताए व्याप्त हैं, यह विदेशी भाषा उस असमानता को और अधिक बढ़ाने का काम कर रही है8। लोहिया इस बात से अच्छे से वाकिफ थे कि इस देश के विकास को तब तक प्राप्त नहीं किया जा सकता है जब तक कि अधिकतम लोग अपनी निजी भाषा का इस्तेमाल नहीं करते हैं।

भारती देवी
पी. एच. डी.शोधार्थी
विकास एवं शांति अध्ययन विभाग
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा, महाराष्ट्र

सार

लोहिया भाषा को विकास का एक प्रमुख अंग मानते थे। उनके अनुसार भाषा भी एक ऐसा माध्यम है और रहा है जिसके आधार पर शोषण हुआ जिसको उपनिवेशवाद में हमें स्पष्ट देखने को मिलता है किस तरह से अंग्रेजों ने अंग्रेजी भाषा के द्वारा दूसरे देशों मुख्य रूप से औपनिवेशिक देशों को हीन और पिछड़ा दिखा कर लंबे समय तक शोषण करते रहे और उन देशों को विकास के मानदंड से कोसों दूर धकेल दिया। ठीक वैसा ही काम भारतीय समाज के संदर्भ में भी लोहिया बात करते हुए कहते हैं की उच्च वर्ग और सामंती वर्ग भी ने किया। इस असामनता और विकास की रुकावट से निपटने के लिए उन्होंने देश में देशी भाषा को पूर्ण रूप से लागू करने की बात की जो आम जन के द्वारा प्रयोग में रही है। उनका मानना था कि यदि हम कोई भी विचार लोगों को उनकी भाषा में प्रस्तुत करेंगे तो उन्हें समझने में अधिक सहूलियत होगी और विकास को आसान बनाना सम्भव हो पाएगा।

"अपने राजनितिक एवं सामाजिक जीवन के दौरान स्पष्ट रूप से यह अनुभव किया कि एक तरफ सामंती भाषा, सामंती भूषा, सामंती खान-पान और सामंती भवन है और दूसरी तरफ करोडों लोगों की लोकभाषा, लोकभूषा, और लोक भवन रहे है"1।

- रामनोहर लोहिया

प्रस्तावना

भारत में भाषा पर वैसे तो अनेक लोगों ने अपनी अलग-अलग विचार प्रकट लेकिन जैसे कि भारत में आम तौर पर देखा जाए तो भाषा पर विचार प्रस्तुत करने सबसे पहले राजनेता गांधीजी और फिर लोहिया का नाम प्रमुखता से आता है। यह बात स्पष्ट रही है कि भारत कि जन भाषा कभी भी शासन और शिक्षा की भाषा नहीं बन पाई। आज़ादी के बाद भी हम अपनी भाषा को पूरी तरह से अपनाने में असमर्थ हैं जो कि एक कटु सत्य है। आज भी देश की भाषाओं का अस्तित्व अनुवाद पर टिका है।

प्रमुख संदर्भ

लोहिया मानते हैं कि शासन करने वाले के लिए भाषा एक हथियार की तरह होती है जिसके द्वारा शासक वर्ग शोषण करके आगे बढ़ता है और संपूर्ण समाज को अविकसित की श्रेणी में खड़ा कर देता है। लोहिया यह भी कहते हैं कि शासक वर्ग कभी नहीं चाहता है कि कोई भी काम आम जन की भाषा में किया जाए। क्योंकि आम जन का विकास शासक और शोषण करने वाले वर्ग के लिए खतरा बन सकता है। यह ठीक वैसा ही है जैसे कि गाँव में झाड़-फूंक करने वाले की भाषा यदि आम जन को समझ आ जाए तो उसका धंधा बंद हो जाएगा और ओझा और भूत दोनों ही ख़त्म हो जाएंगे। ठीक इसी तरह हमारे राजनेता, डाक्टर, वकील अंग्रेजी भाषा के माध्यम से करते रहे है2। लोहिया कहते हैं कि लोकभाषा के बिना लोकराज असंभव है3। हिंदी भाषा की वकालत करते हुए गांधीजी ने यहाँ तक कहा कि अगर इतना ही मेरे हाथ में होता तो विदेशी माध्यम में दी जाने वाली शिक्षा बंद कर दूँगा4।

लोहिया को अपनी भाषा को चुनने का यह अर्थ बिलकुल भी न था कि उन्हें अन्य भाषाए नहीं आती थीं। उन्होंने अपनी पी-एच.डी.जर्मन भाषा में लिखी थी और फ्रेंच, संस्कृत और बंगला का

अच्छा ज्ञान था। बंगला तो वे मातृभाषा की तरह बोलते थे5। इस आशय से देखें तो पता चलता है कि लोहिया बहुभाषी भी थे और अन्य भाषाओं का सम्मान भी करते थे। वे अंग्रेजी भाषा के बारे में कहते हैं कि इसे ऐच्छिक होना चाहिए। पुस्तकालयों से इसे हटाने का सवाल ही नहीं उठता6। लोहिया यह किसी भाषा के विरोध पर नहीं, बल्कि अपनी भाषा को प्रमुखता देने पर बल देते हैं जिसे कि वे अच्छी तरह से जानते हैं कि देश के अधिकतम लोग आज भी हिंदी भाषा या अपनी भाषा का ही इस्तेमाल करते हैं। यही कारण है कि यदि विकास को सब तक पहुँचाना है तो अपनी भाषा को महत्त्व देना ही पड़ेगा नहीं तो अगले हजारों हजार साल विकासशील की श्रेणी में ही रहेंगे।

वे भाषा को कैसे वैकल्पिक विकास के सतह जोड़ते हैं इसे समझना अधिक आवश्यक इसलिए हो जाता है कि एक विद्यार्थी जिसने अपनी पढाई हिंदी या तमिल में की है लेकिन केंद्र सरकार की नीति में अंग्रेजी प्रश्न पत्र को समझने में असमर्थ है या फिर अंग्रेजी के प्रश्न पत्र को हल करने में अक्षम है तो उसके शेष प्रश्न पत्र जांचे ही नहीं जाएंगे और उसका अपनी भाषा में संचित ज्ञान कूड़े में फेक दिया जाएगा7। इस तरह से अपनी भाषा में संचित ज्ञान उद्देश्यहीन हो जाता है। शायद इसी वजह से लोहिया आम जन की भाषा को सरकारी काम-काज की भाषा के रूप में लागू करने को मान्यता प्रदान करते हैं। लोहिया ने इस तरह से हिंदी के साथ-साथ अन्य भाषाओं के माध्यम से एकरूपता लाने का भी काम किया और अलग-अलग प्रांतों में बोली जाने वाली भारतीय भाषाएं किस तरह से एक दूसरे के निकट हैं इसके बारे में भी सूक्ष्म विश्लेषण किया। इस तरह से उनका अथक प्रयास था कि किसी भी तरह से देशी भाषा को शासन से और देश के हर मसले से जोड़ा जाए। भाषा से देश के सभी मामलों का सीधा संबंध है। वे बताते हैं कि इस देश में तो पहले से ही अलग अलग मुद्दों को लेकर समाज में असमानताए व्याप्त हैं, यह विदेशी भाषा उस असमानता को और अधिक बढ़ाने का काम कर रही है8। लोहिया इस बात से अच्छे से वाकिफ थे कि इस देश के विकास को तब तक प्राप्त नहीं किया जा सकता है जब तक कि अधिकतम लोग अपनी निजी भाषा का इस्तेमाल नहीं करते हैं।

लोहिया अंग्रेजी भाषा पर प्रहार करते हुए कहते हैं कि अच्छा होता यदि देश का प्रबुद्ध वर्ग अपनी भाषा को अपनाता और संस्कृति में विद्यमान बुराइयों को दूर करने कि कोशिश करता। हमारी भावनाएं जितनी ठीक से हम अपनी भाषा में व्यक्त कर सकते हैं और लोगों को सामूहिक रूप से जोड़कर चल सकते हैं शायद यह काम किसी दूसरे देश के माध्यम से उतना आसान न होगा जिसे कि हम सदियों से झेलते आए हैं और आज भी झेल रहे हैं। इस लिए यह अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि देश के विकास के लिए हमें विकल्प के तौर पर अपनी भाषा को बढावा दिया जाए। लोहिया कहते हैं कि यदि हमने अपनी भाषा को जीवन के हर पहलु में सच्चे मन से लागू किया होता तो आज देश का स्वरूप कुछ और होता। हमारे राजपुरुषों ने जिन्हें देश की बागडोर संभालने की जिम्मेदारी दी गई वे कसम तो हिंदी के लिए खाते रहे लेकिन वास्तविक जीवन में अंग्रेजी चलाते रहे9। इस तरह देश को चलाने वाले ही देश को पीछे ले जाने का काम करते रहे और जिस विकास कि हम कल्पना किए बैठे थे वह और भी पीछे चला गया। आज वो समय आ गया है कि फिर से हमें वैकल्पिक विकास के रूप में अपने देश में देशी भाषा को बढ़ाया जाए।

लोहिया बताते हैं कि हमारे यहाँ आम जन की भाषा कभी भी राजकाज और शिक्षा की भाषा नहीं बन पाई। इसका कारण वे बताते हैं कि वैदिक काल से लेकर भारत की गुलामी तक अधिकांश समय यह देखा गया कि आम जन की भूमिका सत्ता में न के बराबर रही इसलिए सत्ता की तरफ से जो भाषा कही गई उसी को लोगों ने अपना लिया। ऐसे में तो आम जन का विकास ठप्प हो गया और शासक वर्ग का विकास अधिक तेज हो गया। सांस्कृतिक पूँजी को बचाएं रखने एक सशक्त माध्यम भाषाई पूँजी है।

लोहिया कहते हैं कि जब तक शासन और सत्ता में आम जन की भागीदारी नहीं होगी तब तक वास्तविक लोकतंत्र संभव नहीं है। आम जन की भाषा को अपनाना किसी महान क्रांति से कम नहीं होगी जिसके कारण सामंत शाही का सारा ढांचा ढीला पड़ जाएगा। वे कहते हैं विकास के लिए बगैर आम जन की भाषा की बात किए आम जन की सरकार हो ही नहीं सकती है। लोहिया का कथन है कि भारत माँ की जीभ वापस करो। जिस देश की जनता ही बेजुबान हो वहाँ विकास का तो मतलब ही नहीं बनता। लोहिया कहते हैं बगैर अपनी भाषा के होने का अर्थ है कि बगैर पानी के तैरना सीखना10। लोहिया अपनी देशी भाषा का समर्थन क्यों करते हैं इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि अपनी भाषा केवल एक अपने को प्रस्तुत करने का साधन मात्र ही न हीं है, बल्कि यह हमारे अंदर एक मनोदशा और परिवेश का निर्माण करती है जिसकी वजह से हम अपनी संस्कृति से जुड़ पाते हैं। जो व्यक्ति अपनी भाषा से कट जाता है वह अपनी संस्कृति से भी धीरे-धीरे दूर हो जाता है और ऐसी हालत में तो केवल अवनति का

मार्ग प्रशस्त हो जाता है।

लोहिया कहते हैं कि आमजन की असल औकात उसकी अपनी भाषा से होती है। और दूसरी तरफ वे कहते हैं कि आम जन ही देश की भाषा का रक्षक है। भले ही उसका विकास प्रभावित होता है कि वह शासक वर्ग की भाषा को नहीं अपना सकता है, लेकिन देश के सामूहिक विकास के लिए तो देशी भाषा को ही अपनाना पड़ेगा। यह भी देखा गया कि पेट का प्रश्न सीधे दिमाग से जुड़ा है, दूसरे शब्दों में भाषा का संबंध जितना दिमाग से है उतना ही पेट से भी। लोहिया कहते हैं कि अधिकतम लोग देश के मजदूर और श्रमिक वर्ग ही जिनकी भाषा देशी है। उनकी हालत ऐसी इसलिए है कि उन्हें शासक वर्ग की भाषा नहीं आती है और नेता तथा मजदूरों के मध्य संबंध नहीं होते हैं। उनकी तो जड़ ही नहीं जिन पर खड़े होकर मजदूर खुद नेता बन सके11।

लोहिया कहते हैं कि अंग्रेजी भाषा ने देश के पूरे सिस्टम को जकड़ रखा है। विकास का मार्ग तो आगे बढ़ ही नहीं सकता है, क्योंकि न्यायालय, संसद, विश्वविद्यालय, मीडिया हर जगह छाई हुई है। हिंदी केवल फ़रियाद करने वालों की भाषा बनकर रह गई। इसे संवैधानिक रूप तो दे दिया गया लेकिन वास्तविक शक्ति छीन ली गई। ऐसी हालत में देखे जबकि पूरे देश का कामकाज किसी विदेशी भाषा पर टिका हुआ है और आम जन किसी और भाषा पर तो ऐसे परिवेश में आमजन का विकास कैसे संभव हो सकता है। इसलिए अब समय आ गया है कि अपनी भाषा को अपनाया जाए और आम जन को सता और शक्ति दोनों से ही जोड़ा जा सके और संपूर्ण विकास कि प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सके। लोहिया के भाषा के इस प्रकार के आंदोलन में मुझे एक ऐसे विकल्प की आशा दीख पड़ती है जो कि किसी भी रूप में दूसरे विकास के विकल्प का रास्ता दिखाता है।

पादटिप्पणियाँ

1. ओंकार शरद (सं.), *भारतमाता धरतीमाता; रामनोहर लोहिया*, लोकभारती प्रकाशन, चतुर्थ संस्करण, 2007. पृ. 167.
2. वही, पृ. 169.
3. वही, पृ. 144.
4. महात्मा गांधी, *मेरे सपनो का भारत*, सर्व सेवा संघ प्रकाशन, वाराणसी, ग्यारहवा संस्करण, 2010, पृ. 119.
5. कलाओं की दुनिया में डॉ. लोहिया, प्रयाग शुक्ल, *तब और अब* , सामान्य जन सन्देश, (डॉ. राममनोहर विशेषांक), नागपुर, जुलाई 2011, पृ. 135.
6. ओंकार शरद (सं.), *लोहिया के विचार; राममनोहर लोहिया,* लोकभारती प्रकाशन, इलाहबाद, छठवा संस्करण, 2008, पृ. 135.
7. गंगा सहाय मीना, लोहिया की भाषा नीती, जनपथ (भाषा विशेषांक), जनवरी –फरवरी, 2011, पृ. 65.
8. ओंकार शरद (सं.), *भारतमाता धरतीमाता; रामनोहर लोहिया*, लोकभारती प्रकाशन, चतुर्थ संस्करण, 2007. पृ. 156..
9. मस्तराम कपूर (सं.), राममनोहर रचनावली, भाग 8, अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2008, पृ. 381.
10. ओंकार शरद (सं.), *भारतमाता धरतीमाता; रामनोहर लोहिया*, लोकभारती प्रकाशन, चतुर्थ संस्करण, 2007. पृ. 157-159.
11. मस्तराम कपूर (सं.), *राममनोहर रचनावली, भाग* 8, अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2008, पृ. 415-416.

संदर्भ ग्रंथ सूची

- शरद, ओंकार(सं.). *भारतमाता धरतीमाता; रामनोहर लोहिया*. इलाहबाद : लोकभारती प्रकाशन.
- गांधी, महात्मा(2010). *मेरे सपनो का भारत*. वाराणसी : सर्व सेवा संघ प्रकाशन.
- कलाओं की दुनिया में डॉ. लोहिया, प्रयाग शुक्ल, *तब और अब*, सामान्य जन सन्देश, (डॉ. राममनोहर विशेषांक), नागपुर, जुलाई 2011.
- शरद, ओंकार (सं.)(2008). *लोहिया के विचार; राममनोहर लोहिया*. इलाहबाद : लोकभारती प्रकाशन.
- मीना, गंगा सहाय(2011). लोहिया की भाषा नीती. जनवरी –फरवरी, 2011 : जनपथ (भाषा विशेषांक).
- शरद, ओंकार (सं.)(2007). *भारतमाता धरतीमाता; रामनोहर लोहिया*. इलाहबाद : लोकभारती प्रकाशन.
- मस्तराम कपूर (सं.)(2008). राममनोहर रचनावली भाग 8. दिल्ली : अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स.
- शरद, ओंकार (सं.)(2007). *भारतमाता धरतीमाता; रामनोहर लोहिया*. इलाहबाद : लोकभारती प्रकाशन.

www.transframe.in

ISSN 2455-0310